Deputy Jailor (Jail Deptt.) Comp. Exam 2024
Exam Date - 13/07/2025

960409

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : | 40 |
| Number of Pages in Booklet | : | 40 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : | 150 |
| No. of Questions in Booklet | : | 150 |

# JDJ-25

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 89**

**Paper – II**

**Sub : G.K. and G.S.**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

Deputy Jailor (Jail Dept) Group Exam 2024 — Exam Date - 13/07/2025

1. निम्नलिखित में से किसने "प्राकृत प्रकाश" ग्रंथ की रचना की थी ?

(1) राजशेखर (2) वररुचि

(3) उद्योतन सूरि (4) विशाखदत्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्न में से किस सुल्तान ने आय निर्धारण का दायित्व ख्वाजा हुसामुद्दीन जुनैद को सौंपा था ?

(1) इल्तुतमिश

(2) अलाउद्दीन खल्जी

(3) फिरोजशाह तुगलक

(4) सिकन्दर लोदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. विजयनगर के राजकीय आदेशों पर किस देवता का नाम अंकित होता था ?

(1) विट्ठल (2) मुरुगन

(3) अयप्पा (4) विरुपाक्ष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्न में से किस भक्ति संत ने अपने विचारों के प्रचार के लिए दक्षिण भारत को 74 भागों में विभक्त कर वहाँ आचार्य नियुक्त किये ?

(1) शंकराचार्य (2) वल्लभाचार्य

(3) रामानुज (4) रामानन्द

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्न में से कौन सा मन्दिर खजुराहो मन्दिर समूह में स्थित नहीं है ?

(1) सत्य धरा (2) कुँवर मठ

(3) गन्थाई (4) धुमार लेन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Who among the following composed the text 'Prakrit Prakash' ?

(1) Rajshekhar

(2) Vararuchi

(3) Udhyottan Suri

(4) Vishakhadutta

(5) Question not attempted

2. Which of the following Sultans entrusted the responsibility of income assessment to Khwaja Husamuddin Junaid ?

(1) Iltutmish

(2) Alauddin Khalji

(3) Firozshah Tughlaq

(4) Sikandar Lodi

(5) Question not attempted

3. The name of which god was inscribed on the royal orders of Vijayanagara ?

(1) Vitthal (2) Murugan

(3) Ayyappa (4) Virupaksha

(5) Question not attempted

4. Which of the following Bhakti Saints divided South India into 74 parts and appointed Acharyas to propagate his ideas there ?

(1) Shankaracharya

(2) Vallabhacharya

(3) Ramanuj

(4) Ramanand

(5) Question not attempted

5. Which of the following temples is not located in the temple group of Khajuraho ?

(1) Satya Dhara

(2) Kunwar Math

(3) Ganthai

(4) Dhumar Len

(5) Question not attempted

960233

6. 'हिन्दी एसोसिएशन' निम्न में से किस क्रांतिकारी संगठन का पूर्ववर्ती रूप था ?

(1) अभिनव भारत (2) यंग बंगाल
(3) गदर पार्टी (4) वेद समाज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

A. 1948 में एस.के. धर की अध्यक्षता में एक भाषायी प्रदेश आयोग का गठन किया गया था।
B. नवीन राज्य आंध्र प्रदेश का उद्घाटन 1 अक्टूबर, 1953 को किया गया था।
C. 1966 में बंबई प्रांत को गुजरात और महाराष्ट्र में बाँट दिया गया था।

**कूट :**

(1) केवल A (2) A और B
(3) B और C (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. निम्नलिखित में से कौन सी श्रेणी लघु हिमालय का भाग नहीं है ?

(1) धौलाधर (2) मसूरी
(3) ज़ास्कर (4) पीर पंजाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. डालमा तथा पोरहाट की पहाड़ियाँ अवस्थित हैं

(1) मालवा के पठार में
(2) शिलांग के पठार में
(3) छोटानागपुर के पठार में
(4) बुंदेलखण्ड की उच्चभूमियों में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखित नहीं है ?

(1) कपालकुंडला (2) आनंदमठ
(3) मृणालिनी (4) बेताल पंचविमति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. 'Hindi Association' was the predecessor of which of the following revolutionary organisations ?

(1) Abhinav Bharat
(2) Young Bengal
(3) Gadar Party
(4) Veda Samaj
(5) Question not attempted

7. Which of the following statement/s is/are correct ?

A. In 1948, a Linguistic Provinces Commission was setup under the chairmanship of S.K. Dhar.
B. The new state of Andhra Pradesh was inaugurated on 1 October, 1953.
C. In 1966, Bombay Province was divided into Gujarat and Maharashtra.

**Codes :**

(1) Only A (2) A and B
(3) B and C (4) A, B and C
(5) Question not attempted

8. Which of the following range is not a part of the lesser Himalayas ?

(1) Dhauladhar (2) Mussoorie
(3) Zaskar (4) Pir Panjal
(5) Question not attempted

9. Dalma and Porhat hills are located in

(1) Malwa plateau
(2) Shillong plateau
(3) Chotanagpur plateau
(4) Uplands of Bundelkhand
(5) Question not attempted

10. Which among the following book is not written by Bankim Chandra Chatterjee ?

(1) Kopalkundla
(2) Anandmath
(3) Mrinalini
(4) Betal Panchavimeati
(5) Question not attempted

960233 960233 960233 960233

11. भारत में प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी भाग तथा हिमालय और शिवालिक के गिरिपादीय भाग में निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?

(1) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पतझड़ वन
(2) उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन
(3) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन
(4) समशीतोष्ण वन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. अरेबिका, रोबस्ता एवं लिबेरिका किस्मों का संबंध किस फसल से है ?

(1) तम्बाकू (2) चाय
(3) कहवा (4) रबड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. भारत में किस प्रकार की मृदा में निम्नलिखित विशेषताएँ पाई जाती हैं ?

चिकनी मिट्टी, गहरी, पानी के लिए अपारगम्य तथा चूना, लोहा, मैग्नीशियम और ऐलुमिनियम की प्रचुरता।

(1) लाल मृदा (2) काली मृदा
(3) जलोढ़ मृदा (4) लैटेराइट मृदा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. सूची-I को सूची-II से मिलाइये और सूचियों के नीचे दिये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर बताइये :

| सूची-I (स्थानीय पवनें/तूफान) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. काल-बैसाखी/नॉर्वेस्टर | (i) कर्नाटक |
| B. आम्र-बौछार | (ii) प. बंगाल-असम |
| C. फूलों वाली बौछार | (iii) तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश |
| D. लू | (iv) पंजाब से बिहार तक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. In India which of the following type of forest is found in north-eastern part of peninsular and along the foothills of Himalaya and Shiwaliks ?

(1) Tropical moist deciduous forest
(2) Tropical moist evergreen forest
(3) Tropical dry deciduous forest
(4) Temperate forest
(5) Question not attempted

12. Arabica, Robusta and Liberika varieties are related to which crop ?

(1) Tobacco (2) Tea
(3) Coffee (4) Rubber
(5) Question not attempted

13. In which type of soil following characteristics are found in India ?

Clayey, deep, impermeable and rich in lime, iron, magnesium and aluminium.

(1) Red soil (2) Black soil
(3) Alluvial soil (4) Laterite soil
(5) Question not attempted

14. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below the lists :

| List-I (Local Wind/Storms) | List-II (States) |
|---|---|
| A. Kalbaisakhi/ Norwester | (i) Karnataka |
| B. Mango showers | (ii) West Bengal – Assam |
| C. Cherry Blossom | (iii) Tamil Nadu – Andhra Pradesh |
| D. Loo | (iv) Punjab to Bihar |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

(5) Question not attempted

960233

15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये कूट से कीजिए :

| सूची-I (कागज उद्योग केन्द्र) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. नेपानगर | (i) महाराष्ट्र |
| B. बल्लारपुर | (ii) ओडिशा |
| C. टीटागढ़ | (iii) मध्यप्रदेश |
| D. ब्रजराजनगर | (iv) पश्चिम बंगाल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. किन वर्षों में क्रमश: गंगा एवं यमुना एक्शन प्लान प्रारम्भ किए गए ?
(1) 1981 – 1985 (2) 1985 – 1993
(3) 1992 – 1997 (4) 1995 – 1999
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. कौन सा प्रदेश भारत के जैव-विविधता हॉटस्पॉट में शामिल नहीं है ?
(1) हिमालय (2) पश्चिमी घाट
(3) निकोबार द्वीप (4) पूर्वी घाट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान में उत्तरी अरावली श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है ?
(1) रघुनाथगढ़ (2) तारागढ़
(3) खौ (4) भैराच
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. इंडियन आयरन एंड स्टील कम्पनी निम्नलिखित में से किस खान से लौह अयस्क प्राप्त करती है ?
(1) केमान्गुन्डी खान से
(2) नोआमुंडी खान से
(3) किरिबुरू खान से
(4) गुना खान से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below the lists :

| List-I (Paper Industry Centre) | List-II (State) |
|---|---|
| A. Nepanagar | (i) Maharashtra |
| B. Ballarpur | (ii) Odisha |
| C. Titagarh | (iii) Madhya Pradesh |
| D. Brajrajnagar | (iv) West Bengal |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

(5) Question not attempted

16. In which years Ganga and Yamuna Action Plan were launched respectively ?
(1) 1981 – 1985 (2) 1985 – 1993
(3) 1992 – 1997 (4) 1995 – 1999
(5) Question not attempted

17. Which region is not included in the biodiversity hotspots of India ?
(1) The Himalayas
(2) The Western Ghats
(3) The Nicobar Islands
(4) The Eastern Ghats
(5) Question not attempted

18. Which among the following is the highest peak of Northern Aravali range in Rajasthan ?
(1) Raghunathgarh
(2) Taragarh
(3) Khau
(4) Bhairach
(5) Question not attempted

19. From which of the following mines Indian Iron and Steel Company gets iron ore ?
(1) Kemangundi mine
(2) Noamundi mine
(3) Kiriburu mine
(4) Guna mine
(5) Question not attempted

960233 960233 960233 960233

20. कौन सी नदी काली सिन्ध नदी की सहायक नदी नहीं है ?
(1) परवन (2) निवाज
(3) आहू (4) सागी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. राजस्थान के निम्नलिखित स्थानों में से कौन सा स्थान अधिकतम औसत वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है ?
(1) झालावाड़ (2) बाँसवाड़ा
(3) कोटा (4) माउंट आबू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. राज्य के दक्षिणी उच्च-भूमि के सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा, बारां तथा झालावाड़ जिलों में निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?
(1) खैर वन (2) शुष्क सागवान वन
(3) पलाश वन (4) उपोष्ण पहाड़ी वन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. 2019 के पशुधन गणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस जिला समूह में भैंसों की संख्या सर्वाधिक थी ?
(1) अलवर, अजमेर, भीलवाड़ा
(2) जयपुर, दौसा, करौली
(3) भरतपुर, टोंक, नागौर
(4) जयपुर, अलवर, भरतपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. निम्नलिखित में से कौन सा कथन "हाड़ौती पठार" के संदर्भ में सही नहीं है ?
(1) कोटा, बारां, बूँदी व झालावाड़ जिलों में इस पठार का विस्तार है ।
(2) यह पठार मालवा के पठार का ही विस्तार है ।
(3) इस पठार की औसत ऊँचाई 600 मीटर है ।
(4) यह पठार सर्वत्र धरातलीय एकरूपता नहीं रखता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. Which river is not a tributary of Kali Sindh river ?
(1) Parwan (2) Niwaj
(3) Ahu (4) Sagi
(5) Question not attempted

21. Which among the following places of Rajasthan receive maximum mean annual rainfall ?
(1) Jhalawar (2) Banswara
(3) Kota (4) Mt. Abu
(5) Question not attempted

22. Which among the following types of forest is found on southern highland of state in Sawai Madhopur, Chittorgarh, Kota, Baran and Jhalawar districts ?
(1) Khair forest
(2) Dry Teak forest
(3) Palash forest
(4) Sub-tropical hill forest
(5) Question not attempted

23. As per 2019 livestock census, which of the following group of districts has highest number of buffaloes in Rajasthan ?
(1) Alwar, Ajmer, Bhilwara
(2) Jaipur, Dausa, Karauli
(3) Bharatpur, Tonk, Nagaur
(4) Jaipur, Alwar, Bharatpur
(5) Question not attempted

24. Which among the following statement is not correct with reference to "Hadoti Plateau" ?
(1) This plateau spans across Kota, Baran, Bundi and Jhalawar districts.
(2) This plateau is an extension of the Malwa plateau.
(3) The average height of this plateau is 600 metres.
(4) This plateau doesn't have surface uniformity everywhere.
(5) Question not attempted

**25.** 'कैओलिन' के नाम से किसे जाना जाता है ?
(1) सिलिका सैण्ड (2) फायर क्ले
(3) चाइना क्ले (4) डोलोमाइट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर (2001-2011) समान थी ?
(1) अजमेर, भरतपुर (2) करौली, पाली
(3) जयपुर, जालौर (4) टोंक, दौसा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27.** निम्नांकित युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं ?

| **(औद्योगिक पार्क)** | **(स्थान)** |
|---|---|
| (A) स्टोन पार्क | – बिशनोदा (धौलपुर) |
| (B) होजरी पार्क | – बाँसवाड़ा |
| (C) एग्रोफूड पार्क | – बोरनाड़ा (जोधपुर) |
| (D) टेक्सटाइल पार्क | – सिलोरा (किशनगढ़) |

नीचे दिये कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर छाँटियें :
**कूट :**
(1) केवल (B)
(2) (A) और (B)
(3) (A), (B) और (C)
(4) (A), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
A. राजस्थान को 9 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है ।
B. राजस्थान में मक्का, मूँगफली तथा कपास खरीफ़ की फसलें हैं ।
C. राजस्थान सोयाबीन उत्पादन में देश में प्रथम है ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये :
**कूट :**
(1) A और C (2) B और C
(3) केवल B (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** What is known as 'Kaolin' ?
(1) Silica sand (2) Fire clay
(3) China clay (4) Dolomite
(5) Question not attempted

**26.** Which among the following districts of Rajasthan had the same decadal population growth rate (2001 – 2011) ?
(1) Ajmer, Bharatpur
(2) Karauli, Pali
(3) Jaipur, Jalore
(4) Tonk, Dausa
(5) Question not attempted

**27.** Which of the following pair/s is/are correctly matched ?

| **(Industrial Park)** | **(Place)** |
|---|---|
| (A) Stone Park | – Bishnoda (Dholpur) |
| (B) Hosiery Park | – Banswara |
| (C) Agrofood Park | – Boranada (Jodhpur) |
| (D) Textile Park | – Silora (Kishangarh) |

Select the correct answer by using the codes given below :
**Codes :**
(1) Only (B)
(2) (A) and (B)
(3) (A), (B) and (C)
(4) (A), (C) and (D)
(5) Question not attempted

**28.** Consider the following statements :
A. Rajasthan has been divided into 9 Agro-climatic zones.
B. Maize, Groundnut and Cotton are kharif crops in Rajasthan.
C. Rajasthan ranks first in Soyabean production in the country.

Select correct answer using codes given below :
**Codes :**
(1) A and C (2) B and C
(3) Only B (4) A, B and C
(5) Question not attempted

29. निवारक निरोध के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

I. अनुच्छेद 20 संसद को निवारक निरोध का उपबन्ध करने वाली ऐसी विधि बनाने का अधिकार देता है जिसमें यह निर्धारित किया गया हो कि किसी व्यक्ति को किन परिस्थितियों में, किस वर्ग के मामलों में, अधिक से अधिक कितनी अवधि के लिए निरुद्ध किया जा सकता है ।

II. निवारक निरोध को दो महीने से अधिक अवधि के लिए विधि द्वारा अधिकृत नहीं किया जा सकता जब तक कि सलाहकार बोर्ड उसके लिए पर्याप्त कारण नहीं देखता ।

उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिये :

(1) केवल I सही है ।
(2) केवल II सही है ।
(3) I और II दोनों सही हैं ।
(4) न तो I और न ही II सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. 'नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(i) इसे 12 दिसंबर, 2019 को अधिसूचित किया गया था ।
(ii) यह 4 जनवरी, 2020 से लागू हुआ ।
(iii) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत पात्र व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को 11 अप्रैल, 2024 को अधिसूचित किया गया था ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i)
(2) केवल (i) और (ii)
(3) केवल (ii) और (iii)
(4) (i), (ii) और (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. भारत की संविधान सभा के निम्नलिखित में से कौन से सत्र में राष्ट्रमण्डल में भारत की सदस्यता जारी रखने के निर्णय की पुष्टि की गयी ?

(1) सातवें (2) आठवें
(3) दसवें (4) ग्यारहवें
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. Consider the following statements regarding preventive detention :

I. Article 20 authorises parliament to make a law providing for preventive detention, laying down the circumstances, the classes of cases, the maximum period of detention.

II. Preventive detention cannot be authorized by law to exceed two months unless an advisory board finds sufficient cause.

Choose the correct statement/s given above :

(1) Only I is correct.
(2) Only II is correct.
(3) Both I and II are correct.
(4) Neither I nor II is correct.
(5) Question not attempted

30. Consider the following statements regarding 'The Citizenship (Amendment) Act, 2019' :

(i) It was notified on 12th December, 2019.
(ii) It came into force w.e.f. 4th January, 2020.
(iii) The Citizenship (Amendment) Rules, 2024, were notified on 11th April, 2024 to grant Indian citizenship to eligible persons under the Citizenship (Amendment) Act, 2019.

Which of the statement/s given above is/are correct ?

(1) Only (i)
(2) Only (i) and (ii)
(3) Only (ii) and (iii)
(4) (i), (ii) and (iii)
(5) Question not attempted

31. In which of the following sessions of the Constituent Assembly of India, the decision regarding 'continued membership of India in the Commonwealth' was ratified ?

(1) Seventh (2) Eighth
(3) Tenth (4) Eleventh
(5) Question not attempted

**32.** राज्य सभा में प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होने के लिए किसी व्यक्ति का उस राज्य का निवासी होना आवश्यक है, यह अनिवार्यता 2003 में समाप्त कर दी गई

(1) संवैधानिक संशोधन द्वारा
(2) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
(3) संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा
(4) भारत के निर्वाचन आयोग के आदेश द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** राष्ट्रपति के अभिभाषण से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) भारत के संविधान के अनुच्छेद 87(1) के अधीन राष्ट्रपति के अभिभाषण को सुनने के लिए लोक सभा तथा राज्य सभा के सदस्यों के एक साथ समवेत होने को न तो संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक और न ही लोक सभा या राज्य सभा की बैठक माना जाता है ।

(B) जब राष्ट्रपति अनुच्छेद 87(1) के अधीन दोनों सदनों के सामने अभिभाषण देता है, तो वह संसद के अंग के रूप में कार्य करता है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (A) सही है ।
(2) केवल (B) सही है ।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं ।
(4) न तो (A), न ही (B) सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** केन्द्रीय सतर्कता आयोग प्रतिवर्ष, आयोग द्वारा किए गए कार्यों से सम्बन्धित प्रतिवेदन निम्नलिखित में से किसे प्रस्तुत करता है ?

(1) प्रधानमंत्री (2) राष्ट्रपति
(3) संसद (4) गृह मंत्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 का सीधा संबंध है ?

(1) अनुच्छेद 39 (2) अनुच्छेद 39 क
(3) अनुच्छेद 43 क (4) अनुच्छेद 43 ख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** The requirement that a person must be a resident of that state to be elected as a representative in the Rajya Sabha was abolished in 2003 -

(1) By Constitutional Amendment
(2) By order of the President
(3) By a law made by Parliament
(4) By order of the Election Commission of India
(5) Question not attempted

**33.** Consider the following statements regarding President's Address :

(A) The assembly of members of Lok Sabha and Rajya Sabha to hear the President's Address under Article 87(1) of the Constitution of India is deemed to be neither a joint sitting of both the Houses nor a sitting of Lok Sabha nor of Rajya Sabha.

(B) When the President addresses the Houses under Article 87(1), he functions as limb of Parliament.

Choose the correct option :

(1) Only (A) is correct.
(2) Only (B) is correct.
(3) Both (A) and (B) are correct.
(4) Neither (A) nor (B) is correct.
(5) Question not attempted

**34.** The Central Vigilance Commission presents a report every year to which of the following regarding the work done by the Commission ?

(1) Prime Minister
(2) President
(3) Parliament
(4) Home Minister
(5) Question not attempted

**35.** With which of the following Article of the Constitution, the Legal Services Authorities Act, 1987 is directly concerned ?

(1) Article 39 (2) Article 39 A
(3) Article 43 A (4) Article 43 B
(5) Question not attempted

36. राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों (कार्यकारी) में से किसका कार्यकाल सबसे अधिक रहा है ?
(1) जस्टिस जगतनारायण
(2) जस्टिस वेदपाल त्यागी
(3) जस्टिस के.डी. शर्मा
(4) जस्टिस पी.के. बनर्जी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में कितनी बार राजस्थान विधान सभा में अपने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किए बिना सरकार बनाई है ?
(1) एक बार (2) दो बार
(3) तीन बार (4) कभी नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अनुसार एक वित्तीय वर्ष में ग्राम सभा की कितनी न्यूनतम बैठकें होना आवश्यक है ?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. कथन (A) : रजनी कोठारी की दृष्टि में यह राजनीति नहीं है जो जाति-ग्रस्त है बल्कि यह जाति है जिसका राजनीतिकरण हुआ है ।
कारण (R) : उनकी दृष्टि में प्रतियोगी राजनीति के परिचालन ने जाति को उसके अ-राजनीतिक संदर्भ से बाहर ला दिया है ।
(1) (A) तथा (R) दोनों स्वतन्त्र रूप से सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों स्वतन्त्र रूप से सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सही, किन्तु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत, किन्तु (R) सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. Among the following Governors (Acting) of Rajasthan, who has had the longest tenure ?
(1) Justice Jagatnarayan
(2) Justice Vedpal Tyagi
(3) Justice K.D. Sharma
(4) Justice P.K. Banerji
(5) Question not attempted

37. How many times did Bharatiya Janata Party form the government in Rajasthan without achieving the clear majority on its own in Rajasthan Legislative Assembly ?
(1) Once (2) Twice
(3) Thrice (4) Never
(5) Question not attempted

38. As per the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994 how many minimum meetings of the Gram Sabha is required in a financial year ?
(1) One (2) Two
(3) Three (4) Four
(5) Question not attempted

39. **Assertion (A) :** In the view of Rajni Kothari, it is not politics that gets caste-ridden; it is caste that gets politicized.
**Reason (R) :** In his view, the operation of competitive politics has drawn caste out of its apolitical context.
(1) Both (A) and (R) are individually true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are individually true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.
(5) Question not attempted

40. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(4) के अंतर्गत बनाए गए राजस्थान सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 किस तिथि को लागू हुए ?
(1) 12 मई, 2007
(2) 24 जुलाई, 2007
(3) 2 अक्टूबर, 2007
(4) 14 नवंबर, 2007
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 में दी गयी परिभाषाओं से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) "मंत्री" से राजस्थान राज्य की मंत्रिपरिषद का कोई सदस्य (मुख्यमंत्री सहित) अभिप्रेत है, जो चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो अर्थात् मंत्री, राज्यमंत्री या उप मंत्री ।
(B) "अधिकारी" से राजस्थान राज्य के क्रियाकलापों के सम्बन्ध में किसी लोक सेवा में या लोक पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) केवल (A) सही है ।
(2) केवल (B) सही है ।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं ।
(4) न तो (A), न ही (B) सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. निम्नलिखित में से कौन राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राजस्थान में नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपायों के बारे में राष्ट्रपति को सिफारिशें करता है ?
(1) भारत का वित्त आयोग
(2) नीति आयोग
(3) राज्य सरकार
(4) राज्यपाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9602334

40. The Rajasthan Information Commission (Management) Regulations, 2007, framed under Section 15(4) of the Right to Information Act, 2005, came into force on which date ?
(1) 12 May, 2007
(2) 24 July, 2007
(3) 2 October, 2007
(4) 14 November, 2007
(5) Question not attempted

41. Consider the following statements regarding definitions provided in the Rajasthan Lokayukta and Up-Lokayuktas Act, 1973 :
(A) "Minister" means a member (including Chief Minister) of the Council of Ministers, by whichever name called, for the State of Rajasthan, that to say, a Minister, Minister of State and Deputy Minister.
(B) "Officer" means a person appointed to a public service or post in connection with the affairs of the State of Rajasthan.
Choose the correct option :
(1) Only (A) is correct.
(2) Only (B) is correct.
(3) Both (A) and (B) are correct.
(4) Neither (A) nor (B) is correct.
(5) Question not attempted

42. Who among the following makes recommendations to the President as to the measures needed to augment the Consolidated Fund of the State to supplement the resources of the municipalities in Rajasthan on the basis of the recommendations made by the Finance Commission of the State ?
(1) The Finance Commission of India
(2) NITI Aayog
(3) The State Government
(4) The Governor
(5) Question not attempted

**43.** अखिल भारतीय जेल सुधार समिति (1980-83) की सिफारिशों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) कारागारों और सम्बद्ध संस्थानों के विषयों को भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की संघ सूची में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

(II) अपराध की रोकथाम और अपराधियों के प्रतिबंध में जन भागीदारी को हमारी राष्ट्रीय कारागार नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

(III) भारतीय कारागार एवं सुधार सेवा के नाम से एक अखिल भारतीय सेवा गठित की जानी चाहिए।

उपर्युक्त में से सही कथनों का चयन कीजिए :

(1) केवल (I) और (II)
(2) केवल (I) और (III)
(3) केवल (II) और (III)
(4) (I), (II) और (III)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** निम्नलिखित में से किस समिति ने यह सिफ़ारिश की थी कि एक वर्ष से कम की सजा प्राप्त कैदियों को खुले शिविरों में रखा जाना चाहिए एवं कैदियों को इन शिविरों में उनके परिवारों के साथ रहने की अनुमति दी जा सकती है ?

(1) मुल्ला समिति
(2) पकवासा समिति
(3) कृष्णा अय्यर समिति
(4) कपूर समिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के अतिरिक्त कितने सदस्य होते हैं ?

(1) 4 (2) 2
(3) 1 (4) 3
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** Consider the following statements regarding the recommendations of All India Committee on Jail Reform (1980-83) :

(I) The subjects of prisons and allied institutions should be included in the Union List of the Seventh Schedule of the Constitution of India.

(II) Public participation in prevention of crime and treatment of offenders must be made a part of our national policy on prisons.

(III) An All India Service to be called the Indian Prisons and Correctional Service should be constituted.

Choose the correct statements from the above :

(1) Only (I) and (II)
(2) Only (I) and (III)
(3) Only (II) and (III)
(4) (I), (II) and (III)
(5) Question not attempted

**44.** Which of the following committees has recommended that prisoners sentenced to less than one year should be kept in open camps and prisoners may be allowed to stay in these camps with their families ?

(1) Mulla Committee
(2) Pakwasa Committee
(3) Krishna Iyer Committee
(4) Kapur Committee
(5) Question not attempted

**45.** How many members excluding chairperson are there in the Rajasthan State Human Rights Commission in accordance with the provisions of the Protection of Human Rights (Amendment) Act, 2006 ?

(1) 4 (2) 2
(3) 1 (4) 3
(5) Question not attempted

**46.** कारागार अधिनियम, 1894 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से कार्य, जब वे किसी बन्दी द्वारा किये जाएँ तब कारागार-अपराध घोषित किये जाते हैं ?

(A) श्रम करने से अपने को जानबूझकर असमर्थ बना देना ।

(B) काम करने से धृष्टतापूर्वक इन्कार करना ।

(C) कारागार-सम्पत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुँचाना ।

(D) रुग्णता का ढोंग करना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (A) एवं (B) सही हैं ।

(2) केवल (A), (C) एवं (D) सही हैं ।

(3) केवल (A), (B) एवं (C) सही हैं ।

(4) (A), (B), (C) एवं (D) सही हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** राजस्थान कारागार (संशोधन) नियम, 2021 से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) किसी कैदी को उसकी जाति या धर्म के आधार पर खाना पकाने के लिए नहीं चुना जाएगा ।

(II) कोई भी कामगार उसकी जाति या धर्म के आधार पर नहीं चुना जाएगा ।

(III) सरकार के विवेक के अधीन आपराधिक पृष्ठभूमि के किसी भी सदस्य को आदतन अपराधियों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है ।

उपर्युक्त में से सही कथन चुनिये :

(1) केवल (I) और (II)

(2) केवल (I) और (III)

(3) केवल (II) और (III)

(4) (I), (II) और (III)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** According to the Prison Act, 1894, which of the following acts are declared to be prison-offences when committed by a prisoner ?

(A) Wilfully disabling himself from labour

(B) Contumaciously refusing to work

(C) Wilful damage to prison property

(D) Feigning illness.

Choose the correct option :

(1) Only (A) and (B) are correct.

(2) Only (A), (C) and (D) are correct.

(3) Only (A), (B) and (C) are correct.

(4) (A), (B), (C) and (D) are correct.

(5) Question not attempted

**47.** Consider the following statements regarding the Rajasthan Prisons (Amendment) Rule, 2021 :

(I) No inmate shall be selected for cooking on the basis of his caste or religion.

(II) No tradesman shall be chosen on the basis of his caste or religion.

(III) Any member with a criminal background may be classified as a habitual offender, subject to the discretion of the government.

Choose the correct statements from the ones given above :

(1) Only (I) and (II)

(2) Only (I) and (III)

(3) Only (II) and (III)

(4) (I), (II) and (III)

(5) Question not attempted

960233

**48.** आदर्श कारागार मैनुअल 2016 में दिए गए अध्यायों और उनकी विषय–वस्तु के सन्दर्भ में सूची-I को सूची-II से मेल कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही विकल्प चुनिये :

| सूची-I (अध्याय) | सूची-II (विषय-वस्तु) |
|---|---|
| (a) X | (i) जेलों का निरीक्षण |
| (b) XII | (ii) मृत्युदण्ड की सजा पाए कैदी |
| (c) XVI | (iii) कानूनी सहायता |
| (d) XXVIII | (iv) कैदियों का प्रत्यावर्तन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** निम्नलिखित में से कौन सी परियोजना भारत में एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य जेल में कारागार और कैदी प्रबंधन से संबंधित सभी गतिविधियों को कम्प्यूटरीकृत और एकीकृत करना है ?

(1) ई–प्रिजन्स प्रोजेक्ट
(2) ई–कारा बाजार प्रोजेक्ट
(3) ई–स्मार्ट प्रिजन्स प्रोजेक्ट
(4) ई–जेल प्रोजेक्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50.** संसद द्वारा, कारागार में निरुद्ध व्यक्तियों को साक्ष्य प्राप्त करने अथवा आपराधिक आरोप का उत्तर देने हेतु न्यायालय में उपस्थित होने के लिए उपबंध करने के निमित्त "कैदी (न्यायालय में उपस्थिति) अधिनियम" कब अधिनियमित किया गया था ?

(1) 20 सितंबर, 1955
(2) 30 अक्टूबर, 1958
(3) 15 मई, 1963
(4) 11 जनवरी, 1967
(5) अनुत्तरित प्रश्न

960233 960233 960233

**48.** Match List-I with List-II regarding the chapter and their content in Model Prison Manual 2016 and choose the correct option by using the codes given below :

| List-I (Chapter) | List-II (Content) |
|---|---|
| (a) X | (i) Inspection of prisons |
| (b) XII | (ii) Prisoners sentenced to death |
| (c) XVI | (iii) Legal aid |
| (d) XXVIII | (iv) Repatriation of prisoners |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

(5) Question not attempted

**49.** Which of the following projects is a national initiative in India aimed at computerizing and integrating all the activities related to prison and prisoner management in the jail ?

(1) The ePrisons Project
(2) The eKara Bazaar Project
(3) The eSmart Prisons Project
(4) The eJail Project
(5) Question not attempted

**50.** When was the "The Prisoners (Attendance in Courts) Act" enacted by the Parliament to provide for the attendance in courts of persons confined in prisons for obtaining their evidence or for answering a criminal charge ?

(1) 20 September, 1955
(2) 30 October, 1958
(3) 15 May, 1963
(4) 11 January, 1967
(5) Question not attempted

51. आदर्श कारागार मैनुअल 2016 के अनुसार, निम्नलिखित में से किन कारणों से कैदियों को एक कारागार से दूसरे कारागार में स्थानान्तरित किया जा सकता है ?

(A) उसके गृह जिले के नजदीक होना

(B) चिकित्सकीय आधार पर

(C) आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने के लिए

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (B) एवं (C) सही हैं।

(2) केवल (B) सही है।

(3) केवल (A) एवं (C) सही हैं।

(4) (A), (B) एवं (C) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. गृह मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित में से किन अधिनियमों की समीक्षा कर उनके प्रासंगिक प्रावधानों को मॉडल जेल एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023 में शामिल कर लिया गया है ?

(i) कारागार अधिनियम, 1894

(ii) कैदी अधिनियम, 1900

(iii) कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम, 1950

(iv) कैदियों का प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2003

सही विकल्प चुनें :

(1) केवल (i), (ii) और (iii)

(2) केवल (ii), (iii) और (iv)

(3) केवल (i), (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. आदर्श कारागार मैनुअल 2016 के अनुसार, उच्च जोखिम वाले अपराधियों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है ?

(1) 3 (2) 5

(3) 7 (4) 9

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. According to the Model Prison Manual 2016, on which of the following reasons prisoners may be transferred from one prison to another ?

(A) To be nearer to his/her home district.

(B) On medical grounds.

(C) For providing essential services.

Choose the correct option :

(1) Only (B) and (C) are correct.

(2) Only (B) is correct.

(3) Only (A) and (C) are correct.

(4) (A), (B) and (C) are correct.

(5) Question not attempted

52. Which of the following Acts have been reviewed by the Home Ministry, and their relevant provisions have been incorporated in the Model Prison and Correctional Services Act, 2023 ?

(i) The Prisons Act, 1894

(ii) The Prisoners Act, 1900

(iii) The Transfer of Prisoners Act, 1950

(iv) The Repatriation of Prisoners Act, 2003

Choose the correct option :

(1) Only (i), (ii) and (iii)

(2) Only (ii), (iii) and (iv)

(3) Only (i), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

(5) Question not attempted

53. According to the Model Prison Manual 2016, high risk offenders are classified in how many number of categories ?

(1) 3 (2) 5

(3) 7 (4) 9

(5) Question not attempted

960233

54. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार वैश्विक विनिर्माण में भारत की हिस्सेदारी कितनी है ?
(1) 2.8 प्रतिशत (2) 5.2 प्रतिशत
(3) 1.7 प्रतिशत (4) 3.8 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2023-24 में भारत में किस राज्य ने अधिकतम महिला श्रम बल भागीदारी दर दर्ज की है ?
(1) सिक्किम (2) पश्चिम बंगाल
(3) तमिलनाडु (4) केरल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) भारत विश्व में सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(2) भारत रसायनों और रासायनिक उत्पादों का शुद्ध आयातक है।
(3) भारत का इलेक्ट्रॉनिक बाजार वैश्विक बाजार का 4 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।
(4) भारत जूट का अग्रणी उत्पादक है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. भारत में वर्ष 2023-24 में तीन सर्वाधिक तिलहन उत्पन्न करने वाले तीन राज्य गिरते हुए क्रम में निम्न में से कौन से हैं ?
(1) राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश
(2) मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात
(3) राजस्थान, गुजरात और उत्तरप्रदेश
(4) राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. What is India's share in global manufacturing as per the Economic Survey 2024-25 ?
(1) 2.8 percent (2) 5.2 percent
(3) 1.7 percent (4) 3.8 percent
(5) Question not attempted

55. In India, which state has reported maximum Female Labour Force Participation Rate in the year 2023-24 as per Periodic Labour Force Survey ?
(1) Sikkim (2) West Bengal
(3) Tamil Nadu (4) Kerala
(5) Question not attempted

56. Which one of the following statements is not correct as per Economic Survey 2024-25 ?
(1) India is largest producer of cement in the world.
(2) India is a net importer of chemicals and chemical products.
(3) India's electronic market represents 4 percent of the global market.
(4) India is a leading producer of jute.
(5) Question not attempted

57. Which of the following are the three largest oilseeds producing states in descending order in India in the year 2023-24 ?
(1) Rajasthan, Madhya Pradesh & Uttar Pradesh
(2) Madhya Pradesh, Rajasthan & Gujarat
(3) Rajasthan, Gujarat and Uttar Pradesh
(4) Rajasthan, Madhya Pradesh and Gujarat
(5) Question not attempted

58. भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

(A) भारत में प्रति माह चार अलग-अलग प्रकार के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की गणना की जाती है।

(B) सभी चार प्रकार के सूचकांकों की गणना और जारी करने का कार्य राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एन.एस.ओ.), सांख्यिकी कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एम.ओ.एस.पी.आई), नई दिल्ली द्वारा किया जाता है।

सही विकल्प चुनें :

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(4) न तो (A) और न ही (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. स्फीति विरोधी मौद्रिक नीति की सीमायें निम्न में से कौन सी हैं ?

(A) व्यापारिक बैंकों के निवेश सूची समंजन
(B) गैर-बैंक वित्तीय मध्यस्थों का विकास
(C) अस्थिरीकरण का जोखिम

सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(1) केवल (A) और (B) सही हैं।
(2) केवल (B) और (C) सही हैं।
(3) केवल (C) और (A) सही हैं।
(4) (A), (B) और (C) सभी सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. भारत में 'राष्ट्रीय विनिवेश पाइपलाइन' का वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2025 तक के लिए अनुमानित अवसंरचना विनिवेश राशि का लक्ष्य कितना था ?

(1) ₹ 111 लाख करोड़
(2) ₹ 58 लाख करोड़
(3) ₹ 93 लाख करोड़
(4) ₹ 128 लाख करोड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. Consider the following statements regarding Consumer Price Index (CPI) in India :

(A) Four types of consumer price indices are being calculated every month in India.

(B) All the four indices are calculated and released by the National Statistical Office (NSO), Ministry of Statistical Programme Implementation (MOSPI), New Delhi.

Choose the correct option :

(1) Only (A) is correct.
(2) Only (B) is correct.
(3) Both (A) and (B) are correct.
(4) Neither (A) nor (B) is correct.
(5) Question not attempted

59. Which of the following are limitations of anti-inflationary monetary policy ?

(A) Commercial Banks Portfolio Adjustment
(B) Growth of Non-Bank Financial Intermediaries
(C) Risk of destabilisation

Choose the correct option :

(1) Only (A) & (B) are correct.
(2) Only (B) & (C) are correct.
(3) Only (C) & (A) are correct.
(4) All (A), (B) & (C) are correct.
(5) Question not attempted

60. What was the projected infrastructure investment target of the 'National Investment Pipeline' from FY 2020 to FY 2025 in India ?

(1) ₹ 111 lakh crore
(2) ₹ 58 lakh crore
(3) ₹ 93 lakh crore
(4) ₹ 128 lakh crore
(5) Question not attempted

61. भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर कानून द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. की अधिकतम दर क्या है ?
(1) 18 प्रतिशत (2) 20 प्रतिशत
(3) 28 प्रतिशत (4) 40 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. निम्न में से मज़दूरी, लाभ, लगान, ब्याज आदि के रूप में देश की घरेलू सीमा में साधनों द्वारा अर्जित आय कौन सी है ?
(1) साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
(2) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद
(3) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(4) साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. राजस्थान की जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्द्धन परियोजना के लिये निम्न में से कौन सी बाहरी वित्त-पोषण एजेन्सी वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है ?
(1) विश्व बैंक
(2) एशियन विकास बैंक
(3) जापान अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग संस्था (जे.आई.सी.ए.)
(4) न्यू डवलपमेन्ट बैंक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. प्रभावी राजस्व घाटा बराबर होता है
(1) राजस्व घाटा – पूँजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिये सहायता अनुदान
(2) प्राथमिक घाटा + ब्याज भुगतान
(3) राजस्व घाटा – ब्याज भुगतान
(4) पूँजीगत व्यय + पूँजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिये सहायता अनुदान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. What is the maximum rate of GST prescribed by law on supply of goods and services in India ?
(1) 18 percent (2) 20 percent
(3) 28 percent (4) 40 percent
(5) Question not attempted

62. Which of the following is the income earned by the factors in the form of wages, profits, rent, interest etc. within the domestic territory of a country ?
(1) Net Domestic Product at Factor Cost
(2) Gross Domestic Product at Factor Cost
(3) Net National Product at Factor Cost
(4) Gross National Product at Factor Cost
(5) Question not attempted

63. Which one of the following external funding agencies is providing financial assistance for Rajasthan Climate change Response and Ecosystem Services Enhancement Project (CRESEP) ?
(1) World Bank
(2) Asian Development Bank
(3) Japan International Co-operation Agency (JICA)
(4) New Development Bank
(5) Question not attempted

64. Effective Revenue Deficit equals :
(1) Revenue deficit minus Grants-in-Aid for creation of capital assets
(2) Primary deficit plus interest payments
(3) Revenue deficit minus interest payment
(4) Capital expenditure plus Grants-in-Aid for creation of capital assets
(5) Question not attempted

**65.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत किस कार्यक्रम का लक्ष्य 2026-27 के अंत तक प्रत्येक बच्चे को कक्षा-II के अंत तक आवश्यक पठन, लेखन एवं गणितीय कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाना रखा गया है ?

(1) निपुण भारत मिशन

(2) प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल मिशन

(3) समेकित बाल विकास योजना

(4) ज्ञान संकल्प मिशन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**66.** सभी उपभोक्ताओं तक शुद्ध खाद्य वस्तुओं की पहुँच को सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा 15 फरवरी, 2024 को निम्न में से कौन सा अभियान शुरू किया गया था ?

(1) हर घर शुद्ध आहार

(2) शुद्ध आहार सम्पूर्ण पोषण

(3) शुद्ध आहार मिलावट पर वार

(4) शुद्ध आहार हर घर स्वास्थ्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**67.** सिंचाई सुविधाओं तक पहुँच बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा लागू की गई पहल 'प्रति बूँद, अधिक फसल' (पीडीएमसी) निम्न में से किस कार्यक्रम का एक घटक है ?

(1) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाय)

(2) सूक्ष्म सिंचाई कोष (एमआईएफ)

(3) वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम (आरएडीपी)

(4) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाय)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**65.** Under the National Education Policy-2020, which of the following program seeks to enable every child to achieve essential reading, writing and mathematical skills by the end of Class II by 2026-27 ?

(1) NIPUN Bharat Mission

(2) Early Childhood Care Mission

(3) Integrated Child Development Scheme

(4) Gyan Sankalp Mission

(5) Question not attempted

**66.** To ensure pure food commodities accessible to all consumers, which of the following campaign was launched by Rajasthan Government on 15th Feb. 2024 ?

(1) Har Ghar Shudh Aahar

(2) Shudh Aahar Sampurn Poshan

(3) Shudh Aahar Milavat Par War

(4) Shudh Aahar Har Ghar Swasthya

(5) Question not attempted

**67.** 'Per Drop More Crop' (PDMC) initiative implemented by the government to enhance access to irrigation facilities, is a component of which of the following program ?

(1) Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY)

(2) Micro Irrigation Fund (MIF)

(3) Rain-fed Area Development Program (RADP)

(4) Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY)

(5) Question not attempted

960233

68. राजस्थान में स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है
(a) पंचायती राज विभाग द्वारा
(b) भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा
(c) राजस्व विभाग द्वारा
सही कूट का चयन कीजिए ।
**कूट :**
(1) केवल (a)
(2) केवल (a) तथा (b)
(3) केवल (b) तथा (c)
(4) (a), (b) तथा (c) सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. भारत सरकार के द्वारा अमृत 2.0 योजना 1 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई थी । इस योजना के वित्त–पोषण पैटर्न में एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में केन्द्र सरकार का योगदान होगा
(1) 25.0 प्रतिशत (2) 33.33 प्रतिशत
(3) 50.0 प्रतिशत (4) 60.0 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. ग्रामीण गैर–कृषि विकास एजेन्सी की स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा नवम्बर 1995 में की गई थी । इसका उद्देश्य है
(1) शिल्पकार परिवारों के लिये स्वरोजगार को बढ़ावा देना ।
